

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस | PATWAR
HIGH COURT | रेलवे (JE, Group-D, TC, RPF)
BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS)
शिक्षक (I^st ग्रेड) | REET (I, II Level)

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 17 October 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 17 अक्टूबर का इतिहास

- **1870 :** कलकत्ता बंदरगाह को एक संवैधानिक निकाय प्रबंधन के तहत लाया गया।
- **1917 :** प्रथम विश्व युद्ध में ब्रिटेन ने पहली बार जर्मनी पर हवाई हमले किये।
- **1979 :** मदर टेरेसा को शांति के लिये नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
- **1941 :** द्वितीय विश्व युद्ध में पहली बार जर्मनी की पनडुब्बी ने एक अमेरिकी पोत पर हमला किया।

## 17 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा कि वैश्विक विकास अनुमान 2001 में 6% से 2022 में 3.2% और 2023 में 2.7% तक धीमा हो जाएगा। आईएमएफ ने कहा कि वैश्विक वित्तीय संकट और महामारी के तीव्र चरण को छोड़कर यह 2001 के बाद से सबसे कमजोर विकास दर होगी। आईएमएफ की वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक 2022 रिपोर्ट के मुताबिक भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वित्तीय वर्ष 2023 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.8% कर दिया है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में से एक बनने की राह पर बना रहेगा।
- भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा ने बेहतर और अधिक व्यक्तिगत ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए अपनी नेक्स्ड जेन संपर्क केंद्र सेवा का उद्घाटन किया। नया संपर्क केंद्र 12 भाषाओं में 30+ बैंकिंग समाधानों के साथ इंडस्ट्री में नया पैमाना खड़ा करेगा। यह घर बैठे चौबीसों घंटे-सातों दिन उपलब्ध रहेगा।
- भारतीय तटरक्षक बल में एडवांस्ड हेलीकॉप्टर मार्क-III को शामिल किया गया। यह भारतीय तटरक्षक बल में शामिल होने वाला 15वां एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर है। इसे इंडियन कोस्ट गार्ड रीजन के भुवनेश्वर, ओडिशा एयर एन्क्लेव में शामिल किया गया। इसका उद्देश्य तटीय सुरक्षा और निगरानी को मजबूती प्रदान करना है। इसका अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है।
- राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) और रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने आईसीटी और डिजिटल समाधानों के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। श्री एच सुंदरम प्रभु, जीएम, राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) और श्री मनोहर राजा, कार्यकारी निदेशक, रेलटेल ने राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) के हैदराबाद मुख्यालय में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। रेलटेल परामर्श, परियोजना प्रबंधन और निष्पादन सेवाएं प्रदान करेगा। यह समझौता ज्ञापन एनएमडीसी की राष्ट्रीय रेलवे दूरसंचार के साथ पहले से ही साझेदारी पर आधारित है।
- भारत की 1983 की विश्व कप विजेता टीम के नायक रहे रोजर बिन्नी का सौरव गांगुली की जगह भारतीय क्रिकेट बोर्ड का अध्यक्ष बनना तय है। गांगुली पिछले तीन वर्षों से बीसीसीआई अध्यक्ष हैं और वह 18 अक्टूबर को होने वाली बोर्ड की वार्षिक आम बैठक में बिन्नी के लिए अपना पद छोड़ देंगे।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद के पास एक शैक्षिक परिसर का उद्घाटन किया और कहा कि वे समाज ही सफल होंगे जो शिक्षा पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। यह शैक्षिक परिसर जरूरतमंद छात्रों को समग्र विकास के लिए सुविधाएं मुहैया कराएगा।
- नासा ने डार्ट मिशन ने पृथ्वी से करोड़ो मील दूर एक एस्टेरॉयड का सफलतापूर्वक रास्ता बदल दिया है। डार्ट मिशन का लक्ष्य डिमोर्फोस नामक एक अंडे के आकार के क्षुद्रग्रह की दिशा में बदलाव करना था। इस सफलता का अभिप्राय है कि अब किसी एस्टेरॉयड के पृथ्वी के लिए खतरा बनने पर उसे पहले ही अंतरिक्ष में मोड़ा जा सकेगा।
- नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने श्रीनगर में चौथे हेली-इंडिया शिखर सम्मेलन 2022 का उद्घाटन किया। चौथे हेली इंडिया समिट 2022 का विषय हेलीकॉप्टर फॉर लास्ट माइल कनेक्टिविटी है। ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहा कि जम्मू में 861 करोड़ रुपये की लागत से एक सिविल एन्क्लेव बनाया जाएगा और वर्तमान श्रीनगर टर्मिनल को 20,000 वर्ग मीटर से बढ़ाकर 60,000 वर्ग मीटर किया जाएगा। ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहा कि एम्स ऋषिकेश में आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराने के लिए हेलीकॉप्टर तैनात किया जाएगा।
- वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने एजुकेशन 4.0 इंडिया रिपोर्ट लॉन्च की है, जिसमें यह बताया गया है कि डिजिटल और अन्य प्रौद्योगिकियां सीखने के अंतराल कोदूर करने और शिक्षा को सभी के लिए अधिक सुलभ बनाने में मदद कर सकती है। एजुकेशन 4.0 इंडिया रिपोर्ट वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, यूनिसेफ और युवाह के बीच सहयोग का परिणाम है।
- कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने बेटियां बने कुशल का आयोजन किया।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस (International Day for the Eradication of Poverty) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 17 अक्टूबर (B) 18 अक्टूबर
(C) 19 अक्टूबर (D) 20 अक्टूबर

**(A)** अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस हर साल 17 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य दुनिया भर में विशेष रूप से विकासशील देशों में गरीबी और गरीबी उन्मूलन की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। मनुष्य की गरिमा न केवल अपने आप में एक मौलिक अधिकार है बल्कि अन्य सभी मौलिक अधिकारों का आधार है।



**2. टेली-मानस पहल किस स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी एक पहल है ?**

(A) संचारी रोग (B) महिला स्वास्थ्य
(C) मानसिक स्वास्थ्य (D) बाल स्वास्थ्य

**(C)** भारत सरकार ने टेली-मानस पहल नामक एक 24x7 टेली-मानसिक स्वास्थ्य सेवा शुरू की है। यह सेवा 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से शुरू की गई है और बाद में पूरे देश में इसका विस्तार किया जाएगा। इसका उद्देश्य दुर्गम क्षेत्रों सहित पूरे देश में मानसिक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच बढ़ाना है।




**3. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के विकास दर अनुमान को घटाकर कितने प्रतिशत कर दिया ?**

(A) 6.8 प्रतिशत (B) 7.4 प्रतिशत
(C) 8.3 प्रतिशत (D) 8.9 प्रतिशत

**(A)** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के विकास दर अनुमान को 0.6 प्रतिशत से घटाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। जुलाई में 7.4 प्रतिशत और जनवरी में 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। इस कटौती के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था के आगे बढ़ने की रफ्तार अन्य देशों के मुकाबले सबसे तेज रहेगी। 2023-24 में वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।



**4. किस राज्य ने भारत के पहले कडावुर स्लेंडर लोरिस अभयारण्य की घोषणा की है?**

(A) मध्यप्रदेश (B) तमिलनाडु
(C) उत्तराखंड (D) हिमाचल प्रदेश

**(B)** तमिलनाडु सरकार ने करूर और डिंडीगुल जिलों में भारत के पहले कडावुर स्लेंडर लोरिस अभयारण्य को अधिसूचित किया है, जो 11,806 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है। अभयारण्य स्लेंडर लोरिस के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और तमिलनाडु के संरक्षण प्रयासों को और आगे बढ़ाएगा।



**5. हाल ही में तमिलनाडु के होसुर में सुपर किंग्स एकेडमी का उद्घाटन किसने किया?**

(A) सौरव गांगुली (B) ऋषभ पंत
(C) महेंद्र सिंह धोनी (D) रोहित शर्मा

**(C)** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने तमिलनाडु के होसुर में सुपर किंग्स एकेडमी शुरू किया है। तमिलनाडु के होसुर स्थित महेंद्र सिंह धोनी की 8 पिचों वाली इस एकेडमी का उद्देश्य आने वाले भविष्य में युवा प्रतिभाओं को बेहतर ट्रेनिंग देना है। आईपीएल फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स की मदद से इस एकेडमी को शुरू किया है।

**6. रिजर्व बैंक ने परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी (एआरसी) की स्थापना के लिए न्यूनतम पूंजी आवश्यकता बढ़ाकर कितने करोड़ रूपये कर दी ?**

(A) 150 करोड़ रूपये (B) 275 करोड़ रूपये
(C) 300 करोड़ रूपये (D) 400 करोड़ रूपये

**(C)** परिसंपति पुनर्निर्माण कंपनी की स्थापना के लिए रिजर्व बैंक ने न्यूनतम पूंजी आवश्यकता को मौजूदा 100 करोड़ रूपये से बढ़ाकर 300 करोड़ रूपये कर दिया है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य संकटग्रस्त वित्तीय परिसंपतियों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रतिभूतिकरण क्षेत्र को मजबूत करना है। मौजूदा एआरसी को अप्रेल 2026 तक न्यूनतम शुद्ध स्वामित्व वाली निधि की आवश्यकता को पूरा करना होगा।




**7. हाल ही में अमित शाह ने लोक नायक जयप्रकाश नारायण की कितने फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया ?**

(A) 10 फीट (B) 14 फीट
(C) 16 फीट (D) 18 फीट

**(B)** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के सारण जिले के सीताबदियारा में लोक नायक जयप्रकाश नारायण की 14 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। जयप्रकाश नारायण को जेपी या लोक नायक के नाम से जाना जाता है।



**8. संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास किस समूह से संबंधित है ?**

(A) नाटो (B) आसियान
(C) सार्क (D) शंघाई सहयोग संगठन

**(D)** भारत का राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड गुरुग्राम के मानेसर स्थित अपने परिसर में एक बहुराष्ट्रीय संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास आयोजित कर रहा है। यह अभ्यास शंघाई सहयोग संगठन ढांचे के क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना के तहत किया जा रहा है। इस अभ्यास का उद्देश्य विशेषज्ञता एवं सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करना और SCO RATS सदस्य देशों के आतंकवाद विरोधी बलों के बीच तालमेल बनाना है।

**9. सस्त्र रामनुजन पुरस्कार 2022 किसने जीता है ?**

(A) पीटर सरनाक (B) युनकिंग टैंग
(C) टेरेंस ताओ (D) इयान स्टीवर्ट

**(B)** सस्त्र रामानुजन पुरस्कार 2022 युनकिंग टैंग को प्रदान किया जाएगा। जो कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय बर्कले, यूएसए के सहायक प्रोफेसर है। यह पुरस्कार शनमुघा कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान द्वारा स्थापित किया गया था और यह प्रतिवर्ष 22 वर्ष या उससे कम आयु के व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है।



**10. हाल ही में किस बैंक ने पुणे स्थित सेवा विकास सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द किया?**

(A) भारतीय रिजर्व बैंक (B) भारतीय स्टेट बैंक
(C) आईसीआईसीआई बैंक (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** भारतीय रिजर्व बैंक ने एक और बैंक का लाइसेंस कैंसिल कर दिया है। इस बार केंद्रीय बैंक ने पुणे स्थित सेवा विकास सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द किया है। बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नही है। रिजर्व बैंक ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बैंकिंग लाइसेंस कैंसिल होने के चलते सेवा विकास सहकारी बैंक अपना कामकाज बंद कर रहा है।

